**डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक सं० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/ 1889 दिनांकः 25 जून, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

**विषयः शैक्षिक सत्र 2024–25 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण के परीक्षा फार्म भरे जाने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु तिथि पुनः विस्तारित किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 1865 दिनांक 13 जून, 2025 एवं ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 1873 दिनांक 19 जून, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से शैक्षिक सत्र 2024–25 के सम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत रेगुलर तथा कैरी ओवर छात्र/छात्राओं के द्वितीय चरण की परीक्षाओं हेतु दिनांक 25 जून, 2025 को सायं 5.00 बजे तक परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा किये जाने की निर्धारित अन्तिम तिथि को संस्थानों द्वारा छात्रहित में किये गये अनुरोध पर विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा अनुमोदित / स्वीकार करते हुए उपरोक्त अन्तिम तिथि को पुनः विस्तारित करते हुए **दिनांक 28 जून, 2025 को सायं 5.00 बजे तक** ई0आर0पी0 पोर्टल संचालित कर दिया गया है।

**उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2025 / 1836 दिनांक 02 जून, 2025 के माध्यम से दिनांक 27 जून, 2025 से आयोजित होने वाली सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाओं का सम्भावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया था। उक्त के क्रम में कतिपय संस्थानों द्वारा पत्र एवं ई–मेल के माध्यम से छात्रहित में किये गये अनुरोध पर उपरोक्त उल्लिखित परीक्षायें दिनांक 02 जुलाई, 2025 से आयोजित / प्रारम्भ होना सुनिश्चित हुआ है, जिसका अन्तिम (Final) परीक्षा कार्यक्रम यथाशीघ्र अलग से प्रेषित / उपलब्ध कर दिया जायेगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त से तदनुसार अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए समयानुसार उन छात्रों का जिनकी नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है। ऐसे छत्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म भरवाने तथा परीक्षा शुल्क जमा कराने का कष्ट करें।

भवदीय

25.06.2025

(परीक्षा नियंत्रक)

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ में समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(परीक्षा नियंत्रक)